@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Thursday, 16 October 2025 | PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 44 | Pages 04 | ₹3.00

### PM Modi Tells Bihar Party Worker During Virtual Interaction

# Don't Call Me Sir, I'm Your Brother

FAIR REPORT



**Patna/New Delhi:** Prime Minister Narendra Modi asked a woman BJP booth worker from Bihar to address him as "bhaiya" (brother) instead of "sir" during an online interaction, saying that women's strength has always been his shield, inspiration, and power. Speaking to party workers through the NaMo app ahead of the assembly elections, the Prime Minister expressed confidence that the National Democratic Alliance (NDA) would form the government when results are declared on November 14.

PM Modi said Bihar would celebrate "another Diwali" after the election results and credited women for playing a decisive role in the expected victory.

Modi remarked, "This time, Bihar will celebrate two Diwalis. People celebrated the first during Navratri because of GST benefits. The second is on October 20. But the third celebration will be on November 14 when the NDA wins—and our sisters and daughters in Bihar will lead this victory."

He urged women to come out in groups to vote, sing songs, and even beat plates to celebrate democracy like a festival.

**"Every Booth Worker Is Modi in Their Area"**

Calling grassroots mobilisation key to victory, the Prime Minister said, "When every booth is strong, the party wins. Every booth worker is Modi in their area." He asked BJP workers to visit every household and assure voters of government schemes as a "guarantee" from him.

On the occasion of Bhai Dooj (October 23), he instructed booth workers to organise special events for local women and honour "Lakhpati Didis" and "Drone Didis." He also urged workers to spread awareness about welfare schemes launched by the central government and the Nitish Kumar-led Bihar administration. The slogan he proposed was: "One united NDA, one united Bihar—this will bring a good governance government."

**Reference to 'Jungle Raj'**

PM Modi said many young voters were unaware of the "Jungle Raj" era in Bihar, referring to the law-and-order situation under previous regimes. He asked BJP workers to take youths to exhibitions showcasing violent incidents and Naxal influence from that period. "Those who once allowed Naxalism to spread cannot be given another chance," he said.

**Voting Dates and Candidates**

Polling for the 243-seat Bihar Assembly will be held in two phases on November 6 and 11. Votes will be counted on November 14.

On Wednesday, the BJP released its second list of 12 candidates. The party has fielded singer Maithili Thakur from Alinagar and former IPS officer Anand Mishra from Buxar. PM Modi stressed that it was the "power of Bihar's voters" that kept the state safe from the "bad governance" of the RJD and Congress.

## ECI Issues Fresh Directions to Facilitate Voting for Persons with Disabilities

**Measures include home voting, Braille ballots, and improved accessibility at polling stations**

FAIR REPORT




**New Delhi:** The Election Commission of India (ECI) has issued a new set of directions to ensure smoother and more inclusive voting for Persons with Disabilities (PwDs) ahead of the upcoming Assembly and Lok Sabha elections. In a statement on Tuesday, the Commission emphasized that equal access to the electoral process is a constitutional right and reiterated its commitment to "leave no voter behind." The new guidelines mandate that all polling stations be made barrier-free, equipped with ramps, handrails, accessible toilets, and clear signage for PwDs and senior citizens. The ECI has directed District Election Officers to identify PwD voters through the PwD App and ensure they receive personalized voter slips with details of accessibility facilities available at their polling stations. To enhance participation, the Commission will continue the home-voting facility for PwDs with 40% or more benchmark disability, enabling them to cast their vote through postal ballot in the presence of polling officials. Polling personnel are to be sensitized through special training modules, and volunteers will be deployed at every booth to assist PwD voters. Additionally, Braille-enabled Electronic Voting Machines (EVMs) and Braille voter slips will be available at all locations.

## RJD Fields Shahabuddin's Son, Rekindling Bihar's Old Wounds

**Move raises questions on crime, dynasty and political ethics in Siwan**

FAIR REPORT



**Patna :** The Rashtriya Janata Dal's (RJD) decision to field Mohammad Osama, son of the late Mohammad Shahabuddin, from the Raghunathpur Assembly seat in Siwan has reignited debate on Bihar's uneasy nexus between crime and politics. The nomination comes after the party denied a ticket to sitting MLA Hari Shankar Yadav, a grassroots leader known for his organisational strength. The decision, reportedly approved by the top leadership, has drawn criticism within the RJD and across political lines. Shahabuddin, a former RJD MP and one of Bihar's most feared strongmen, faced over 40 criminal cases — including murder, kidnapping, and extortion. He was convicted in multiple cases, most notably the acid killing of two brothers in 2004. During police raids on his Siwan residence, authorities had recovered foreign-made arms, some allegedly of Pakistani origin, triggering national outrage. Osama's political debut, therefore, marks a symbolic return of a tainted legacy. In 2023, he was briefly detained by Rajasthan Police in Kota in connection with an alleged extortion case, though released later without charges. While the RJD has defended its decision as "reflecting local sentiment," critics see it as a moral setback for a party once promising to distance itself from the strongman era. Opposition parties have called the move a "mockery of democracy," accusing the RJD of "replacing merit with bloodline."

## "Those Who Disturb Festive Peace Will Face Jail": Yogi Adityanath's Strong Message Ahead of Diwali

FAIR REPORT

**Lucknow** | In his signature tough tone, Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath sent out a stern warning ahead of Diwali, declaring that anyone attempting to disturb peace or create chaos during the festival will be dealt with strictly and sent behind bars. "Diwali is a festival of enthusiasm and joy. If anyone tries to spoil this atmosphere, the jail cells are ready to welcome them," Yogi said while addressing an event in Lucknow. "This is the government that knows how to respond — in the same language as those who understand only defiance," he added, drawing applause from the gathering. The Chief Minister emphasized that law and order will remain the top priority during the festive season. Police and administrative machinery have been directed to maintain vigilance in markets, temples, and public areas to ensure a peaceful and safe Diwali for all. At the same time, Yogi called on the people of Uttar Pradesh to celebrate "Swadeshi Diwali" by supporting local artisans and small businesses. "When you buy something this Diwali, buy Indian. Purchase what our local craftsmen, weavers, and entrepreneurs have made. Bring home the creations of our own people — this is true nationalism," he said. With his message blending discipline and patriotism, Yogi Adityanath once again underscored his government's philosophy: peace with strength, and pride through self-reliance.

## CBI Arrests NHIDCL Executive Director in ₹10 Lakh Bribe Case, Recovers ₹2.62 Crore

FAIR REPORT



**Guwahati:** The Central Bureau of Investigation (CBI) has arrested Maisnam Riten Kumar Singh, Executive Director and Regional Officer of the National Highways & Infrastructure Development Corporation Limited (NHIDCL), posted in Guwahati, for allegedly accepting a bribe of 10 lakh from a private contractor.

Singh was caught in a trap operation while allegedly soliciting the bribe to facilitate approvals for a four-laning project on NH-37 between Demow and Moran Bypass in Assam.During subsequent searches across multiple locations, the CBI seized 2.62 crore in unaccounted cash, along with documents revealing ownership of 20 flats, 9 land parcels, and high-end vehicles linked to Singh and his family. Both Singh and the contractor's representative were produced before the Court of Special Judge, CBI Cases, Guwahati. The case has been registered under the Prevention of Corruption Act, with further investigation underway.

# 20 Dead in Jaisalmer Bus Fire; Fitness Certificate, Safety Compliance Under Scrutiny

FAIR REPORT



**Jaisalmer**: A late-night luxury AC bus travelling from Jaisalmer to Jodhpur caught fire on Tuesday, killing at least 20 passengers and injuring several others. Preliminary reports cite a suspected short circuit near the rear of the vehicle, but multiple systemic lapses have come to light.

**Faulty AC, No Emergency Exit**

Eyewitnesses and rescue officials confirmed that the bus had only one exit door and non-functional emergency windows. Passengers were trapped as the fire spread rapidly. There were no hammers or safety tools available to break the glass. Locals allege that the AC system had been malfunctioning for weeks but was never repaired. Despite reported faults, the bus continued to operate on its regular route.

**FITNESS CERTIFICATE CLEARED WITHOUT INSPECTION**

Transport department sources indicate that the bus's fitness certificate was issued recently. However, officials admit the inspection may not have been done physically — a violation of safety norms. The fire safety audit of private buses, ordered after past incidents, was never implemented. Local transport unions had also complained to the RTO about unsafe tourist buses in the region.

**POLITICAL RESPONSE FOLLOWS FAMILIAR PATTERN**

The Chief Minister's Office issued condolence messages on social media, and the Transport Minister announced an ex-gratia of 10 lakh for the families of the deceased. An inquiry committee has been constituted. However, no arrests or suspensions of RTO officials or transport department staff have been announced so far.

**Questions Over Compliance with Supreme Court Guidelines**

Legal experts point out that the Supreme Court's 2019 directives on emergency exits and wiring checks for sleeper and AC buses were not enforced in this case. Rajasthan still lacks an independent safety audit mechanism for private passenger vehicles despite repeated warnings from NHAI.

**Public Anger Mounts**

- Families of victims and activists are demanding answers on three key points:
- Who issued the fitness certificate?
- Who cleared the route permit?
- Who was responsible for fire safety compliance?

**Experts and civil society members have urged the government to**

- Suspend responsible officers,
- Prosecute the bus operator,
- Enforce mandatory physical inspections,
- Set up an independent vehicle safety audit authority.

**A Governance Test**

The Jaisalmer accident has reignited debate over corruption and negligence in Rajasthan's transport system. Observers state that unless the government acts decisively, public confidence in regulatory enforcement will further erode. Critics say the inquiry will be ineffective unless specific officials are named and held accountable. They warn that without structural reforms, similar tragedies are inevitable.

# हाईकोर्ट ने जर्जर स्कूलों को लेकर सरकार को फटकारा : कागजों में नहीं धरातल पर काम चाहिए, 5 लाख में कैसे मरम्मत होगी

FAIR REPORT

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के जर्जर स्कूलों को लेकर सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा- जर्जर स्कूलों पर कागजों में काम नहीं चाहिए, काम धरातल पर दिखना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि स्कूलों में हो रहे मरम्मत कार्यों का निरीक्षण पीडब्ल्यूडी (सार्वजनिक निर्माण विभाग) की जगह किसी स्वतंत्र बॉडी से कराया जाएगा। इसके लिए कोर्ट ने सभी पक्षों से नाम सुझाने को कहा है।

अदालत ने 31 अक्टूबर तक राज्य सरकार को प्रकरण में विस्तृत योजना पेश करने को कहा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल और जस्टिस अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने यह आदेश झालावाड़ में स्कूल बिल्डिंग गिरने से विद्यार्थियों की मौत के बाद प्रकरण में लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए हैं।

### जर्जर स्कूलों की मरम्मत के लिए पांच लाख बजट तय

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने शपथ पत्र के जरिए जर्जर स्कूलों की मरम्मत को लेकर अदालत में जानकारी दी। महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अधिक जर्जर स्कूलों की मरम्मत के लिए पांच लाख रुपए का बजट तय किया गया है और आगामी



मार्च माह तक काम पूरा कर लिया जाएगा। बची हुई स्कूलों में मरम्मत का काम नवंबर, 2026 तक पूरा कर लेंगे।

### हाईकोर्ट ने पूछा- पांच लाख में मरम्मत कैसे होगी?

महाधिवक्ता के जवाब पर अदालत ने कहा- पांच लाख रुपए में मरम्मत कैसे होगी, लाखों रुपए तो रंग-सफेदी में ही लग जाते हैं। ऐसा लगता है कि बिना परीक्षण किए सतही तौर पर यह राशि तय की गई है। महाधिवक्ता ने कहा- जरूरत पड़ने पर और बजट दिया जाएगा

इस पर महाधिवक्ता ने कहा कि जरूरत पड़ेगी तो और बजट जारी किया जाएगा। इसके अलावा स्कूलों के लिए कुल बजट का 11.46 फीसदी बजट मंजूर किया गया है।

### पीडब्ल्यूडी की जगह स्वतंत्र एजेंसी से कराएं निरीक्षण

अदालत ने मरम्मत के काम के निरीक्षण का काम स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मंशा जताते हुए कहा कि ठेकेदार की गलती से घटनाएं होती हैं। ऐसे में पीडब्ल्यूडी से निरीक्षण कराने की जगह स्वतंत्र एजेंसी से कराया जाना चाहिए। अदालत ने महाधिवक्ता को कहा कि आप काम करने की बात कह रहे हैं, लेकिन धरातल पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा। आज भी टीन शेड के नीचे स्कूल संचालित हो रही हैं। सभी जिलों की स्कूलों की ग्रेडिंग तय हो ताकि, काम को लेकर प्राथमिकता तय हो सके।

### 31 अक्टूबर को अगली सुनवाई

अदालत ने कहा कि फिलहाल फोकस सुरक्षा को लेकर है। अदालत मामले की मॉनिटरिंग कर रहा है। महाधिवक्ता ने कहा कि नवंबर माह में केन्द्र सरकार से भी पैसा जारी होगा और उन्हें रोडमैप पेश करने के लिए समय दिया जाए। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई 31 अक्टूबर को तय करते हुए सभी पक्षों को स्वतंत्र एजेंसी का नाम सुझाने को कहा है।

# महंगी कार-बाइक का शौकीन इंजीनियरों का प्रोफेसर, आय से 115% ज्यादा संपत्ति

### ACB के छापे में फार्म हाउस-प्लॉट मिले, बेटा-बेटी के नाम भी प्रॉपर्टी खरीदी

FAIR REPORT

**जयपुर**। इंदिरा गांधी पंचायती राज विकास संस्थान में बतौर एसोसिएट प्रोफेसर तैनात रामावतार मीणा का मूल विभाग पंचायती राज है। यहां वह एग्जीक्यूटिव इंजीनियर थे। इंदिरा गांधी पंचायती राज विकास संस्थान (जयपुर) के एसोसिएट प्रोफेसर रामावतार मीणा के जयपुर, गंगापुर सिटी (सवाई माधोपुर), करौली समेत 12 से अधिक ठिकानों पर ACB ने छापेमारी की। एसीबी को 2.77 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति मिली है। यह मीणा की आय से 115 प्रतिशत ज्यादा है। एसीबी ने कोर्ट से अनुमति लेने के बाद आज (बुधवार) सुबह यह कार्रवाई की।

इंदिरा गांधी पंचायती राज विकास संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर रामावतार मीणा के जगतपुरा स्थित आवास से एसीबी को करीब तीन लाख रुपए कैश मिले हैं। इंदिरा गांधी पंचायती राज विकास संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर रामावतार मीणा के जगतपुरा स्थित आवास से एसीबी को करीब तीन लाख रुपए कैश मिले हैं।

### आय से अधिक संपत्ति के मामले में कार्रवाई

ACB के एडिशनल एसपी भूपेंद्र ने बताया- पंचायती राज विभाग में रामावतार मीणा अधिशाषी अभियंता (एग्जीक्यूटिव इंजीनियर) है। उसको डेपुटेशन पर इंदिरा गांधी पंचायती राज विकास संस्थान में बतौर एसोसिएट प्रोफेसर लगाया गया है। मीणा के खिलाफ एसीबी को आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत मिली थी। सीनियर अधिकारियों ने इस शिकायत की जांच कराई। शिकायत सही पाए जाने पर आज एसीबी ने रामावतार के ठिकानों पर छापेमारी शुरू की।

### निर्माणाधीन मकान मिला, लाखों रुपए खर्च कर चुका

जयपुर एसीबी को एक्सईएन के जगतपुरा स्थित आवास से कंपास (जीप), कार, 3 लाख कैश, एक बुलेट बाइक मिली है। यहां से बेनामी संपत्ति के तमाम डॉक्यूमेंट्स मिले हैं। बेटे और पत्नी के नाम से भी कई संपत्ति ले रखी है। मीणा का इंदिरा गांधी नगर में एक तीन मंजिला मकान बन रहा है। इसमें अभी तक लाखों रुपए लग चुके हैं। बेटा और बेटी ने शहर के एक महंगे कोचिंग से पढ़ाई की है। दोनों उदयपुर में MBBS कर रहे हैं। बुधवार सुबह एसीबी की टीम ने इंदिरा गांधी पंचायती राज विकास संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर रामावतार मीणा ठिकानों पर छापेमारी की।





### सवाई माधोपुर में सुबह 8 बजे शुरू हुआ सर्च

सवाईमाधोपुर ACB ASP ज्ञान सिंह चौधरी ने बताया- बुधवार सुबह 8 बजे सर्च शुरू किया गया था। गंगापुर सिटी स्थित कर्मचारी कॉलोनी में रामावतार मीणा के मकान पर तलाशी ली गई। वर्तमान में मकान किराए पर दे रखा है। यहां की सभी संपत्तियों के दस्तावेजों की गहन जांच की गई। इसके अलावा करौली रोड पर स्थित एक रिसॉर्ट पर भी छापा मारा गया, जो मीणा या उनके परिवार से जुड़ा बताया जा रहा है। यहां लेनदेन, संपत्ति निवेश और अन्य महत्वपूर्ण कागजात की जांच की गई। गंगापुर सिटी स्थित कर्मचारी कॉलोनी में रामावतार मीणा के मकान की एसीबी ने तलाशी ली।

# दो जिलों की पुलिस को चकमा देकर छिपा था तस्कर, डीएसटी ने शहर से दबोचा



### चित्तौड़गढ़ में 10 हजार और भीलवाड़ा में 5 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़**। मादक पदार्थ तस्करी के एक पुराने मामले में दो जिलों की पुलिस को लंबे समय से चकमा दे रहा इनामी आरोपी आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया। चित्तौड़गढ़ की जिला विशेष टीम (डीएसटी) ने सोमवार देर रात शहर क्षेत्र से आरोपी को दबोच लिया। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी हेमराज जाट (33) निवासी रूपखेड़ी थाना भदेसर, मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा—दोनों जिलों की पुलिस को वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर चित्तौड़गढ़ पुलिस ने 10 हजार और भीलवाड़ा पुलिस ने 5 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि "ऑपरेशन सुदर्शन चक्र" के तहत वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन में डीएसटी टीम ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर राणा सांगा मार्केट के पास से उसे डिटेन किया।

टीम में हेड कॉन्स्टेबल भूपेंद्र सिंह, कॉन्स्टेबल राजदीप सिंह, सुरेंद्र, दीपक और विजय शामिल रहे। कार्रवाई में कॉन्स्टेबल राजदीप सिंह की अहम भूमिका बताई जा रही है। आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए राशमी थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सरकार पर लगाए आरोप

# जैसलमेर बस हादसे में निर्दोष लोगों की मौत गंभीर लापरवाही का नतीजा



FAIR REPORT

**जयपुर**। कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा बुधवार को जयपुर दौरे पर रहे। पीसीसी वॉर रूम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखे हमले बोले। जैसलमेर बस हादसे पर खेड़ा ने कहा कि यह बेहद दुखद और चिंताजनक है कि जिस इंफ्रास्ट्रक्चर को कांग्रेस सरकार ने बनाया, उसका रखरखाव तक नहीं किया जा रहा। 20 से अधिक निर्दोष लोगों की मौत सरकार की गंभीर लापरवाही को दर्शाती है। एनएसयूआई नेताओं की गिरफ्तारी पर खेड़ा ने कहा कि राज्य निर्भीक प्रदेश है और कांग्रेस के युवा नेता विनोद जाखड़ डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विरोध की आवाजें दबाने का प्रयास कर रही है। बिहार चुनाव पर खेड़ा ने कहा कि महागठबंधन एकजुट है और सीट बंटवारा जल्द घोषित होगा। इसके अलावा उन्होंने जांच एजेंसियों और आरएसएस पर भी सवाल उठाए।

IAS अफसर बेटे से मिलने जम्मू-कश्मीर गए माता-पिता,घर में चोरी

# सूने मकान से चोरों ने 2 किलो चांदी और 2 लाख रुपए चुराए

FAIR REPORT

**जयपुर**। जयपुर के विद्याधर नगर थाना क्षेत्र में सेक्टर 7 स्थित जलवायु विहार कॉलोनी में आईएएस अधिकारी के घर चोरी हो गई। इस घर में आईएएस के माता-पिता रहते हैं। आईएएस के माता-पिता जम्मू-कश्मीर में पोस्टेड अपने बेटे से मिलने गए थे। बुधवार सुबह पड़ोसी ने मकान के बाहर टूटा हुआ ताला देखा तो घटना की जानकारी आईएएस के परिवार को दी। वहीं पुलिस को कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक संदिग्ध युवक स्कूटी पर दिखाई दिया।

आईएएस अधिकारी शिशिर गुप्ता के माता-पिता सेक्टर 7 स्थित जलवायु विहार कॉलोनी में रहते हैं। आईएएस अधिकारी के माता-पिता सुरेश गुप्ता और उनकी पत्नी 22 सितंबर को जम्मू-कश्मीर में बेटे-बहू से मिलने के लिए गए थे। इस दौरान घर पर ताला लगा हुआ था। सूने मकान को देखकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। बुधवार सुबह जब पड़ोसी ने मकान के बाहर के ताले टूटे देखे तो उन्होंने परिवार और पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस टीम एफएसएल के साथ मौके पर पहुंची और जांच की। चोर घर से करीब 2 किलो चांदी के आभूषण और बर्तन, 2 लाख रुपए नकद चुराकर फरार हो गए।



### पुलिस और एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य

घटना की सूचना मिलते ही विद्याधर नगर थाना पुलिस, एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की टीम मौके पर पहुंची। टीमों ने घर के अंदर और आसपास से साक्ष्य जुटाए और चोरों की पहचान की कोशिश शुरू की। एडिशनल डीसीपी बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि चोर ताले तोड़कर घर में घुसे और अलमारी में रखे कीमती सामान व नकदी लेकर भाग गए। चोरी की वारदात को लेकर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच चल रही है। पुलिस ने जलवायु विहार और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें एक चोर स्कूटी पर आते हुए दिखाई दिया है। पुलिस अब स्कूटी की पहचान और उसका पीछा करने में जुटी है। आसपास के इलाकों में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज पर भी टीमें काम कर रही हैं।

# रनवे टच डाउन करके भी लैंड नहीं हो पाई फ्लाइट, 140 यात्रियों की सांसें अटकीं रही




FAIR REPORT

**जयपुर**। जयपुर एयरपोर्ट पर बुधवार को बेंगलुरु से आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6E - 415 रनवे पर पहुंचने के बाद भी लैंड नहीं हो पाई। जिससे फ्लाइट में मौजूद 140 से ज्यादा पैसेंजर्स भी परेशान हो गए। इसके बाद लगभग 8 मिनट तक जयपुर के आसमान में चक्कर काटने के बाद 11 बजकर 10 मिनट पर फ्लाइट की सफल लैंडिंग हो पाई। दरअसल, इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6E- 415 बेंगलुरु से सुबह 8 बजकर 35 मिनट पर जयपुर के लिए उड़ान भरती है। जो सुबह 11 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचती है। बुधवार सुबह फ्लाइट अपने निर्धारित वक्त से 2 मिनट लेट 11 बजकर 2 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंच गई।

इसके बाद पायलट ने रनवे पर लैंडिंग के लिए प्लेन को टच डाउन किया। लेकिन फ्लाइट सफल लैंड नहीं हो पाई। इसके बाद कुछ ही सेकेंड में पायलट ने फिर से विमान को टेक ऑफ कर लिया। 8 मिनट तक फ्लाइट जयपुर एयर स्पेस में ही फिर से लैंडिंग का इंतजार करती रही। इसके बाद पायलट ने 11 बजकर 10 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट की सफल लैंडिंग की।

### एक महीने में 4 फ्लाइट सफल लैंड नहीं पाई

बता दें कि इससे पहले पिछले एक महीने में जयपुर एयरपोर्ट पर रनवे टच डाउन करके भी 4 फ्लाइट सफल लैंड नहीं पाई। लेकिन उसके बाद भी जयपुर एयरपोर्ट पर पैसेंजर की सेफ्टी को लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी और एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट नहीं कोई कोई ठोस प्लान नहीं बनाया है। जिसकी वजह से लगातार पैसेंजर को परेशान होना पड़ रहा है। साथ ही आज एक बार फिर स्पाइसजेट की दुबई फ्लाइट अपने निर्धारित वक्त पर उड़ान नहीं भर पाई। जिसकी वजह से बड़ी संख्या में दुबई जाने वाले पैसेंजर को परेशान होना पड़ा। इस दौरान पैसेंजर्स ने एयरलाइन कंपनी की लापरवाही को लेकर केंद्र सरकार से कार्रवाई की मांग भी की।

विकसित भारत अभियान को गति देने की रणनीति बनी — भाजपा ने तय किया जनजागरण का रोडमैप

# स्वदेशी मेला, आत्मनिर्भर सम्मेलन और जीएसटी सुधारों पर होगा फोकस

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़**। भारतीय जनता पार्टी ने अपने "विकसित भारत" अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठन स्तर पर नई रणनीति तैयार की है। मंगलवार को ओछड़ी स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी की अध्यक्षता में हुई जिला कार्यकारिणी एवं विधानसभा प्रभारियों की बैठक में आगामी अभियानों और जनसंपर्क कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।




बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से "विकसित भारत" की दिशा में अग्रसर है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं। विशेष रूप से जीएसटी सुधार—जिसे विश्व का सबसे बड़ा टैक्स रिफॉर्म बताया गया—को सरल भाषा में आमजन तक समझाने की योजना पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने कहा कि "जीएसटी जैसे ऐतिहासिक सुधारों ने भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि इन उपलब्धियों को जनता के बीच सटीक रूप में रखा जाए। स्वदेशी मेला इस दिशा में प्रभावी जनजागरण का माध्यम बनेगा।"

बैठक में सांसद सी.पी. जोशी की पहल पर आयोजित हो रहे स्वदेशी मेले को 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक बड़ा कदम बताया गया। यह मेला स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और 'हर घर स्वदेशी' संदेश को सशक्त करने पर केंद्रित होगा। दीपावली से पहले घर-घर स्वदेशी स्टिकर चस्पा करने और उपखंड स्तर पर बैठकें आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। जिला महामंत्री रघु शर्मा ने कहा कि "संगठन की असली ताकत जनता से जुड़ाव में है। आत्मनिर्भरता और स्वदेशी के संदेश को हर मंडल और हर बूथ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, लोकसभा संयोजक श्रवण सिंह राव ने सांसद खेल महाकुंभ की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि "यह आयोजन युवाओं को संगठन से जोड़ने और बूथ स्तर तक मजबूती लाने का माध्यम बनेगा।" जिला महामंत्री हर्षवर्धन सिंह रूद ने बताया कि "मन की बात" कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ स्तर पर प्रसारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। जिला महामंत्री कैलाश मंत्री ने कहा कि "व्यापारियों को जीएसटी सुधारों और स्वदेशी अपनाओ अभियान से जोड़ने के लिए बाजारों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।" बैठक में विधानसभा प्रभारी देवीसिंह राणावत, जिला उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा इडरा, जिला मंत्री गोवर्धन जाट, पारस वीरवाल, शोकिन चपलोत, मीडिया प्रभारी मनोज पारीक, जिला कोषाध्यक्ष हरीश ईनानी, प्रवक्ता दीपक शर्मा, मानवेन्द्र सिंह, आईटी संयोजक नंदकिशोर लोहार, सह संयोजक आशीष शर्मा एवं प्रहलाद टेलर मौजूद रहे।

# लक्ष्मी के आगमन की तैयारी, दुल्हन की तरह सज गए जयपुर के बाजार




जयपुर। पांच बत्ती बाज़ार दिवाली के लिए पूरी तरह से तैयार हो गया है। बाज़ार को रंग-बिरंगी लाइटों और अन्य सजावटों से सजाया गया है ताकि दिवाली का उत्साहपूर्ण माहौल बनाया जा सके।

## बापू बाज़ार में बनाया गया गेट गिरा



**जयपुर।** बापू बाज़ार में दिवाली की सजावट के लिए बनाया गया एक गेट देर रात गिर गया, गनीमत रही हादसा रात में हुआ, जब यहां से कोई नहीं गुजर रहा था। हालांकि इस घटना से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

## आईएएस पाठक केंद्रीय डेपुटेशन के लिए रिलीव



FAIR REPORT
जयपुर

कार्मिक और देवस्थान विभाग के सचिव केके पाठक को केंद्रीय डेपुटेशन के लिए राज्य सरकार ने रिलीव कर दिया है। वे केंद्रीय उर्वरक विभाग में संयुक्त सचिव का पद संभालेंगे। पाठक के रिलीव होने के बाद परिवहन विभाग की सचिव शुचि त्यागी को कार्मिक और पशुपालन विभाग के सचिव समित शर्मा को देवस्थान विभाग का अतिरिक्त चार्ज दिया है। राजस्थान कैडर के 23 आईएएस अभी केंद्र में डेपुटेशन पर हैं। आईएएस वी श्रीनिवास, रजत कुमार मिश्रा, तन्मय कुमार, नरेश पाल गंगवार, रोली सिंह, राजीव सिंह ठाकुर, रोहित कुमार, मुग्धा सिन्हा, आशुतोष एटी पेडणेकर, प्रीतम बी यशवंत, भानु प्रकाश येटूरू, सिद्धार्थ महाजन, पूरन चंद किशन, गौरव गोयल, विष्णु चरण मल्लिक, मुक्तानंद अग्रवाल, प्रकाश राजपुरोहित, इंद्रजीत सिंह अभिमन्यु कुमार, भगवती प्रसाद कलाल,आशीष गुप्ता और अंशदीप केंद्रीय डेपुटेशन पर हैं।

## अंता उपचुनाव: : सभा में गहलोत ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

# कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया ने किया नामांकन

FAIR REPORT
जयपुर

कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने अपनी पत्नी उर्मिला जैन और बेटे यश जैन के साथ जाकर अंता के निर्वाचन अधिकारी हवाई सिंह गोदारा के सामने अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। इस दौरान उनके साथ उनके प्रस्तावक भी मौजूद रहे। भाया के नामांकन दाखिल करने बाद कृषि उपज मंडी परिसर में कांग्रेस की सभा आयोजित की गई। आमसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान में मोदी की गारंटी की धज्जियां उड़ रही हैं।

मीडिया से बातचीत के दौरान प्रमोद जैन भाया ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में विकास का कोई ठोस काम नहीं हुआ है



कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली में आए प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेता एक मंच पर आए नजर।

और किसान परेशान हैं। भाया ने कहा कि किसानों को बिजली नहीं मिल रही है और भाजपा ने कांग्रेस सरकार के समय लागू की गई योजनाओं को समीक्षा के नाम पर या तो पूरी तरह से बंद कर दिया या उनके दायरे को घटा दिया।

अंता से निलंबित भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को ऐसे अपराधी प्रवृति वाले लोगों को टिकट देने से बचना चाहिए। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के बारे में कहा कि वे भाजपा के लिए चुनावी टूल की तरह काम करते हैं। भाया की नामांकन रैली व जनसभा बुधवार की अंता कृषि उपज मंडी में हुई। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली समेत समस्त हाड़ौती के कांग्रेस विधायक व नेता मौजूद रहे।

## वसुंधरा से मिले प्रभुलाल सैनी

**जयपुर।** अंता विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा में टिकट को लेकर मंथन लगातार जारी है। पार्टी ने अब तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, जबकि कांग्रेस पहले ही पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया को मैदान में उतार चुकी है। निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने भी चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय से लेकर पार्टी के बड़े नेताओं के आवास पर दावेदारों का तांता लगा रहा। इसी कड़ी में पूर्व विधायक प्रभुलाल सैनी ने जयपुर स्थित सिविल लाइंस स्थित आवास पर वसुंधरा राजे से मुलाकात की। सैनी की राजे से मुलाकात के बाद सियासी हलकों में चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। माना जा रहा है कि भाजपा जल्द अपना प्रत्याशी घोषित कर सकती है।

## ब्रीफ खबरें

### युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, आनंदू अजी के लिए न्याय की मांग की



**जयपुर।** तिरुवनंतपुरम में 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर की आत्महत्या के मामले को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है। यह प्रदर्शन सॉफ्टवेयर इंजीनियर आनंदू अजी के लिए न्याय की मांग को लेकर था, जिसने कथित तौर पर आरएसएस सदस्यों पर बचपन में यौन शोषण और रेप का आरोप लगाने के बाद आत्महत्या कर ली थीइसी कड़ी में आज जयपुर में यूथ कांग्रेस ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर आरएसएस के विरोध में प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आरएसएस पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। विरोध प्रदर्शन में युवाओं ने कहा कि इस मामले की जांच सरकार के माध्यम से तुरंत होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा के लिए भारी फोर्स तैनात की। दर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच नोक-झोंक भी देखने को मिली।

### यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर पवन खेड़ा ने संघ पर उठाए सवाल

**जयपुर।** कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा बुधवार को जयपुर दौरे पर रहे। यहां पीसीसी वॉर रूम में उन्होंने मीडिया से बातचीत में जैसलमेर में बस हादसे को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। वहीं, हरियाणा में सीनियर आईपीएस अधिकारी के आत्महत्या मामले को लेकर भी भाजपा पर सवाल खड़े किए। बिहार चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन एकजुट है। केरल में एक युवक द्वारा आरएसएस की शाखा में यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर उन्होंने संघ पर सवाल खड़े किए।वे बोले, आज भी लोगों के मन में यह गलतफहमी है कि संघ में कुछ



अच्छा सिखाया जाता है। अब लोगों को सब समझ में आ रहा है। केरल में चार साल के बच्चे को उसके पिता ने शाखा में इस उम्मीद से भेजा कि कुछ सीखेगा। वह बच्चा 20-22 साल तक अपने अवसाद से लड़ा। इससे बाहर निकलने की भी कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि वह अवसाद में इसलिए गया, क्योंकि बचपन से ही उसका यौन शोषण आरएसएस के ट्रैनिंग कैंप में हो रहा था।

## 159 परिवारों को घर के रूप में मिला दीपावली का तोहफा

FAIR REPORT
जयपुर

दीपावली से पहले जयपुर के 159 परिवारों के चेहरों पर तब मुस्कान दौड़ गई, जब यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को इन्हें 'सपनों के घर' का आवंटन पत्र सौंपा। शहरी सेवा शिविर 2025 के तहत राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की समृद्धि अपार्टमेंट योजना के आवंटन पत्र बांटे गए। खास बात ये है कि पहली बार अनुमानित कीमत से कम राशि में फ्लैट उपलब्ध कराया गया।

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की समृद्धि योजना के तहत प्रति फ्लैट की अनुमानित कीमत 35 लाख रुपए थी, लेकिन मंडल ने इसे 31 लाख रुपए में उपलब्ध



करवाया। इस अवसर पर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि समृद्धि अपार्टमेंट योजना को 23 महीने पहले शुरू किया गया था और अब इसका परिणाम सामने है। 159 पात्र आवेदकों का चयन लॉटरी प्रणाली से किया गया और सभी को दीपावली से पहले आवंटन पत्र देकर खुशियों का उपहार दिया गया। बोर्ड भविष्य में भी इसी तरह विभिन्न आय वर्गों के लिए किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले आवास उपलब्ध करवाता रहेगा। खर्रा ने कहा कि आने वाले कालखंड में आवासन मंडल और तेजी से अल्प और मध्यम आय वर्ग के लोगों के अपना घर का सपना पूरा करेगा।

## हेलीकॉप्टर पर सियासत! बेनीवाल पर बरसे राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की बीमार पत्नी को एयर एम्बुलेंस से जयपुर लाने पर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। सांसद हनुमान बेनीवाल ने हेलीकॉप्टर से लाने को सरकारी खर्च बताया। इस आरोप पर राठौड़ ने बेनीवाल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उनकी संवेदना मर चुकी है। राठौड़ ने पत्रकारों से बात करते हुए स्पष्ट किया कि उनकी पत्नी के ब्रेन में क्लॉट आया था, ऐसी आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर से ही जा सकता था। वे बोले, 'मुझे तत्काल पहुंचना था। इसीलिए मैंने प्राइवेट हेलीकॉप्टर बुक करवाया और यहां से पाली के लिए रवाना हुआ। डॉक्टर की सलाह के बाद इसी हेलीकॉप्टर में अपनी पत्नी को लेकर जयपुर आया। इसका पूरा भुगतान उनकी पत्नी की कंपनी ने किया है।

## रेल मंत्री आज 65 स्टेशनों की सुविधाओं का करेंगे लोकार्पण

FAIR REPORT
जयपुर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 16 अक्टूबर को जयपुर दौरे पर रहेंगे। वे सुबह 10:15 बजे दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन से रवाना होकर ट्रेन से खातीपुरा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां वे उत्तर पश्चिम रेलवे के 65 छोटे और मध्यम स्टेशनों पर विकसित की गई यात्री सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही जयपुर-अहमदाबाद (असारवा) ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी के यात्रियों के लिए लिनेन ब्लैंकेट कवर (कंबल कवर) की नई सुविधा की शुरुआत करेंगे।

रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि खातीपुरा स्टेशन पर



आयोजित कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी और बगरू विधायक कैलाश चंद वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। रेल मंत्री का यह कार्यक्रम यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। खातीपुरा में कार्यक्रम के बाद रेल मंत्री 11:30 बजे प्रतापनगर स्थित राजस्थान मैथिली परिषद जाएंगे।

### सरकार के विरोध में उतरे व्यापारी, यूजर चार्ज का विरोध



**जयपुर।** त्योहारी सीजन में प्रदेश भर के मंडी कारोबारी सरकार के विरोध में उतर गए हैं। राजस्थान सरकार की ओर से 13 अगस्त 2025 को जारी आदेश के अनुसार कृषि उपज मंडी प्रांगण में व्यापार पर 0.50 प्रतिशत यूजर चार्ज लगाया जाना है। इसी यूजर चार्ज के विरोध में प्रदेश की 247 मंडियों के व्यापारी सड़कों पर उतर आए हैं। व्यापारियों ने बुधवार को शहीद स्मारक पर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। कुकरखेड़ा मंडी के कारोबारी अंकित अग्रवाल ने अपनी पीड़ा जताई कि सरकार व्यापार पर मनचाहा टैक्स वसूल करती है। व्यापारी टैक्स देते-देते थक गया है। इस यूजर चार्ज की वजह से मंडियों में व्यापार ठप पड़ने की स्थिति बन गई है और व्यापारी वर्ग बेरोजगारी की कगार पर पहुंच गया है। इस मामले में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि इस यूजर चार्ज को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, क्योंकि यह किसानों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं तीनों के हितों के प्रतिकूल है। जयपुर की सूरजपोल मंडी के व्यापारी महेश कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा लगाया गया यह यूजर चार्ज केवल मंडी प्रांगण में होने वाले व्यापार पर लागू किया गया है, जबकि यही वस्तुएं अगर मंडी से बाहर भेजी जाएंगी तो उन पर यूजर चार्ज प्रभावी नहीं होगा। इससे मंडी के अंदर सभी वस्तुएं महंगी हो गई हैं और व्यापारियों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। व्यापारियों ने बताया कि वे पहले से ही मंडी टैक्स 1.60 प्रतिशत, कल्याण सेस 0.50 प्रतिशत, दुकान किराया, यूडी टैक्स, जीएसटी और इनकम टैक्स जैसे अनेक करों का वहन कर रहे हैं।

## परकोटे में 4 दिन 100 ई-रिक्शों का संचालन फ्री में

**जयपुर।** जयपुर शहर परकोटे के अजमेरी गेट,न्यू गेट,सांगानेरी गेट,बड़ी एवं छोटी चौपड़ के बीच वन वे दीपावली के त्योहार पर 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक यातायात व्यवस्था के सुगम एवं सुचारू संचालन के लिए सायं 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक निशुल्क 100 ई-रिक्शा का संचालन किया जाएगा। इस अवधि में बाकी ई-रिक्शों का इन चुनिंदा जगहों में प्रवेश पूर्ण वर्जित रहेगा। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट पर शहर के व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ दीपावली के त्योहार के मद्देनजर शहर में कानून व्यवस्था की प्रभावी निगरानी एवं परकोटे में सुगम एवं सुचारू यातायात व्यवस्था के संचालन के लिए विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई।

## विशेष योग्यजन भवन के बाहर धरना, 15 दिन में आदेश वापस ना लेने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

# दिव्यांगजनों का री-मेडिकल कराने का विरोध

FAIR REPORT
जयपुर

जयपुर में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के तत्वावधान में बुधवार को राजस्थान दिव्यांग कर्मचारी संघ ने विशेष योग्यजन भवन के बाहर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। प्रदेशभर से आए करीब 300 दिव्यांग कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया।

इस आक्रोश सभा को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रमुख महेंद्र चौधरी ने संबोधित किया। इसके बाद, राजस्थान दिव्यांग कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने विशेष



योग्यजन भवन में निशक्तजन आयुक्त एवं निदेशक केसर लाल मीणा को अपनी प्रमुख मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।

दिव्यांग कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष दयानंद स्वर्णकार ने बताया कि उनकी मुख्य मांग कार्मिक विभाग के 28 अगस्त 2025 के परिपत्र को वापस लेना है। इस परिपत्र में दिव्यांगजनों का पुनः मेडिकल बोर्ड द्वारा री-मेडिकल कराने का आदेश दिया गया है। संघ चाहता है कि केवल प्रमाण पत्रों का ही अस्पताल से सत्यापन करवाया जाए।

स्वर्णकार ने कहा कि इस आदेश के अनुपालन में सभी विभागों ने कर्मचारियों के पुनः मेडिकल करवाने के आदेश जारी किए हैं। इससे अधिकतर कर्मचारियों के दिव्यांग प्रमाण पत्र की प्रतिशतता कम होने की संभावना है। कई वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को डर है कि 40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता पाए जाने पर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई हो सकती है।

संघ ने स्वीकार किया कि पूर्णतः फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र वाले कार्मिकों और प्रमाण पत्र जारी करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करना सरकार का सराहनीय कदम है। हालांकि, नए-पुराने और सेवानिवृत्ति के करीब सभी कर्मचारियों का पुनः मेडिकल जांच कराने से दिव्यांगों में अपनी प्रतिशतता कम होने का भय है, जिससे वे अवसादग्रस्त हैं। संघ ने इस आदेश को निरस्त करने की मांग की।

कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष विपिन शर्मा, दिव्यांगजन समिति के अध्यक्ष मदन मोहन, मनोज, संघर्ष समिति के अध्यक्ष लोकेश भरतपुर, दिनेश शर्मा अलवर, नेमीचंद शर्मा जयपुर, कैलाश चंद जाट और कमल किशोर शर्मा सहित जयपुर व अन्य जिलों से आए लगभग 300 दिव्यांग कर्मचारी मौजूद रहे।

VISION INDIA



## DST and Gangrar Police's Joint Operation

# Habitual Criminal Caught with Three Pistols and Six Cartridges

**Accused Bhairu Singh Rathore was bringing illegal weapons from Madhya Pradesh for supply in the district**

FAIR REPORT

**Chittorgarh**- In a major action against the illegal arms trade, Chittorgarh Police arrested a habitual criminal with three pistols and six live cartridges. The accused was caught during a joint operation by Gangrar Police and the District Special Team (DST) near the Medikheda railway crossing.

The arrested man, Bhairu Singh Rathore (25), son of Narayan Singh Rajput, resident of Banakiya Kalan (under Kapasan police station), has a criminal history involving kidnapping, robbery, attempt to murder, and illegal possession of weapons. Police said he re-



cently brought illegal arms from Madhya Pradesh and was planning to supply them in Chittorgarh district. Superintendent of Police Manish Tripathi said the operation was carried out under the direction of ASP Sarita Singh and supervision of DSP Gangrar Rameshwar Lal as part of the ongoing campaign to curb illegal activities. During surveillance, Constable Rajdeep Singh of the DST received a tip-off that the accused was heading towards Medikheda crossing with weapons. Acting swiftly, the police set up a blockade and arrested him on the spot.

A search led to the recovery of three country-made pistols and six cartridges, and a case has been registered under the Arms Act.

The operation was led by SHO D.P. Dadhich, with DST head constable Bhupendra Singh, and constables Rajdeep Singh, Surendrapal, Deepak, and Vijay as part of the team.

Special Role of DST:

According to police sources, the DST had been tracking the accused for several days. Constable Rajdeep Singh played a crucial role by gathering intelligence on the weapon movement and providing the exact location, enabling the team to arrest

---

### Chittorgarh Link to Jaisalmer Bus Tragedy — 21 Lives Lost Due to Illegal Modification and Official Negligence

# Two Chittorgarh Transport Officials Suspended, ACB to Probe the Case

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** The horrific sleeper bus fire in Rajasthan has now exposed serious lapses in the transport system. On Wednesday, the state government suspended two Chittorgarh transport officials after it was found that the ill-fated bus had been approved by the Chittorgarh District Transport Office.

According to sources, acting DTO Surendra Singh and Assistant Administrative Officer Chunni Lal — who approved the bus body — have been suspended with immediate effect. This is the same bus that caught fire on Tuesday, killing 21 passengers and leaving four others on ventilator support.

**Bus Was Registered in Chittorgarh**

After the incident, the administration began checking records and discovered that the bus was registered at the Chittorgarh District Transport Office (DTO). The investigation revealed that the bus owner had illegally modified a non-AC bus into an AC one — and the transport department had no clue about it.

Once these facts came to light, the Chittorgarh transport department went into panic mode and started verifying all documents related to the bus. Other buses owned by the same operator are also being checked.



**BUS BUILT IN THREE MONTHS, BURNED IN TWO WEEKS**

Records show that the bus was billed on May 21, its body was completed within three months, and it was registered as a non-AC bus on October 1. Shockingly, just 14 days later, on October 14, it caught fire and turned into ashes. The tragedy has raised serious questions about the inspection process and the transport department's monitoring system.

**Key questions are being raised**

- Did the Chittorgarh RTO overlook the inspection process?
- Was the fitness approval just a formality?
- And how did such a new bus catch fire within two weeks?
- The upcoming ACB investigation will determine whether the blame lies solely with the bus owner — or with the officials who failed to act while the bus was being illegally modified.

**Collector Inspects RTO Office**

Following government orders, District Collector Alok Ranjan visited the RTO office on Wednesday. He questioned RTO Nemichand Pareek and DTO Neeraj Shah, seeking all registration-related documents. The Collector said, "If any negligence or involvement is found at any level, strict action will be taken against those responsible."

**DTO's Statement — Registration Was Legal, Modifications Came Later**

DTO Neeraj Shah stated that the bus was registered as a non-AC vehicle according to the rules. The owner later modified it without permission, and the department was unaware of the change. Shah admitted that such a new bus catching fire was both technically and administratively alarming.

**ACB Steps In — Officials Under Scrutiny**

Given the gravity of the incident, the Anti-Corruption Bureau (ACB) has also stepped in. ACB Additional SP Vikram Singh Rathore said the probe will focus on whether any transport officials misused their position to benefit the bus owner and how the fitness certificate was issued to a non-compliant vehicle. A detailed report will soon be sent to higher authorities.

**System Under Question**

The death of 21 passengers is now being seen as more than a technical failure — it's a result of systemic negligence and weak oversight.

---

## Adani Group to Build Ropeway, Making Kedarnath Pilgrimage Safer and Easier




FAIR REPORT

**Kedarnath, Uttarakhand:** Pilgrims visiting the sacred Kedarnath Dham can soon expect a much easier and safer ascent, as the Adani Group has announced plans to construct a modern ropeway system to facilitate the challenging climb. The project aims to reduce physical strain for devotees, improve accessibility for elderly and differently-abled visitors, and ensure enhanced safety along the treacherous mountainous route.

Adani Group officials described the initiative as a "pious and responsible contribution" towards preserving the sanctity and convenience of the spiritual journey. Local authorities have welcomed the project, citing that the ropeway will also decongest the existing trek route and promote smoother management during the busy pilgrimage seasons. In a statement, the company expressed hope that Lord Mahadev's blessings remain upon every pilgrim, and reaffirmed its commitment to combining infrastructure development with reverence for the holy site.

---

## HEALTH SYSTEM IN ICU

# RUHS SCHEME CHOKED BY CORRUPTION, PAYMENTS FROZEN FOR SIX MONTHS



*Hemraj Tikam chand Tiwari*

*Journalist*

FAIR REPORT

Hemraj Tiwari

Rajasthan's pride — the RUHS Health Scheme — has now turned into a tale of chaos, corruption, and criminal neglect. A handwritten complaint from Jaipur's Akshat Retail Apollite S.M.S. Hospital has ripped open the curtain on how the state's free medicine program has collapsed due to non-payment of dues for over six months, paralyzing chemists, hospitals, and ultimately, the lives of patients. What was meant to be a welfare model for affordable healthcare has degenerated into a bureaucratic nightmare — where suppliers are unpaid, medicines are unavailable, and officials continue to enjoy their commissions. The letter, addressed to top health authorities, alleges that payments under the RUHS scheme have been completely halted since the past six months. Despite repeated supplies of life-saving medicines to government hospitals, chemists haven't received a single rupee. Meanwhile, hospitals continue to demand medicines on credit — without offering any explanation or timeline for reimbursement. "RUHS Yojana mein 6 mahine se payment nahi mila. Chemists have reached their limit. We can no longer provide medicines for free while our dues pile up," the complaint states.

**Corruption Behind Closed Doors**

The document paints a disturbing picture of rampant



corruption inside the system. It alleges that while chemists' payments are stuck for months, certain intermediaries and "teleservers" inside hospitals openly demand commissions to move files.

**No action has been taken. No accountability fixed.**

Even as hundreds of patients line up for essential drugs every day, the bureaucratic machinery is busy counting kickbacks instead of saving lives.

"Files are gathering dust in the health department. No one is ready to take responsibility. Officials blame technical errors while millions worth of dues remain unpaid," says a supplier familiar with the issue.

The Financial Cancer Eating the Scheme

Sources estimate that 300– 800 crore worth of payments to chemists and distributors across Rajasthan are stuck. The state's so-called "free medicine" system now runs on borrowed money, personal loans, and the sheer willpower of struggling chemists. "If this continues, chemists will shut down and hospitals will be empty," warns one Jaipur-based supplier. "This is not a technical glitch — it's financial strangulation." Insiders say some local officials allegedly manipulate billing cycles to favor certain contractors while genuine suppliers wait endlessly. The complaint calls it a "deliberate policy of delay and commission."

**The writer ends with an urgent plea:**

"If chemists fall, hospitals will fall next. Patients are already suffering. The government must act now — before the system collapses completely."

**A System Diseased from Within**

The RUHS Health Scheme was once showcased as Rajasthan's model of compassion. But today, it stands as a mirror reflecting how corruption can corrode even the noblest initiatives. When those who supply medicines are forced to beg for their payments — it's not the suppliers who are sick, it's the system itself.

Unless the government steps in with swift payment release, transparent auditing, and strict action against officials responsible, the "Free Medicine Scheme" may soon become the "No Medicine Scheme."

**Patients Paying the Price**

While corruption festers inside offices, it is the poorest patients who pay the heaviest price. Essential medicines for heart disease, diabetes, infections, and emergency care are simply unavailable in several government hospitals. Patients are being forced to buy drugs in cash from outside pharmacies — the very system RUHS was meant to end.

**Doctors, speaking off record, admit the helplessness:**

"We have prescriptions ready, but no medicines. We're doctors, not magicians. How do we save lives without drugs?"

**A Question of Accountability**

Despite repeated complaints, the Rajasthan Health Department and RUHS administration have maintained complete silence. There has been no clarification, no audit, and no visible intent to fix the problem. Meanwhile, insiders allege that the Finance Department has quietly frozen disbursements citing "administrative delays," even as hospital budgets continue to be released for publicity and events. This silence, experts say, is criminal — because delayed payments to medicine suppliers directly translate into delayed treatment and avoidable deaths.

**The Letter That Could Shake the System**

The handwritten letter — now circulating among health workers and chemist associations — could become a flashpoint for a major accountability crisis. It exposes not only financial mismanagement but a collapse of ethics in Rajasthan's healthcare governance.

---

## Water Resources Minister Reviews Development Works in Rural Panchayat Meeting

**AJMER:** Water Resources Minister and Pushkar MLA Suresh Singh Rawat attended the general assembly of Ajmer Rural Panchayat Committee, where he discussed regional development and public welfare initiatives in detail. Minister Rawat emphasized that the state government's priority is to extend the reach of development to every village and empower citizens with essential facilities. He urged public representatives and officials to work together to ensure effective implementation of government schemes so that benefits reach every eligible person on time.

While reviewing the progress of ongoing development works, Minister Rawat stressed maintaining quality and transparency in all projects. He instructed officials to promptly repair roads damaged by excessive rainfall, ensure uninterrupted electricity and drinking water supply, maintain availability of medicines at health centers, and ensure regular attendance of personnel at Gram Panchayat headquarters.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**